## ग्रामीण रामा ड्रामेटिक क्लब ने तीसरे दिन रामलीला में सीता स्वयंवर का किया मंचन

# भगवान शिव का धनुष टूटते ही कांप उठा गगन , भगवान परशुराम हुए क्रोधित, महर्षि परशुराम और वीरवर लक्ष्मण के बीच तीखी नोकझोंक

- महर्षि विश्वामित्र जनक के बुलावे पर राम व लक्ष्मण को लेकर मिथिला पुरी पहुंचे

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रादौर

ग्रामीण रामा ड्रामेटिक क्लब नाचरौन द्वारा आयोजित की जा रही रामलीला में तीसरे दिन सीता स्वयंवर का आयोजन किया गया। सीता स्वयंवर मंचन के दौरान जय श्रीराम के गगनभेदी जयघोष से वातावरण राममय बन गया।

रामलीला में सीता स्वयंवर के दृश्य मंचन में दिखाया गया कि महर्षि विश्वामित्र जनक के बुलावे पर राम व लक्ष्मण को साथ लेकर मिथिला पुरी जाते हैं। जहां पर राजा जनक ने स्वयंवर की पूरी व्यवस्था की हुई थी। स्वयंवर के लिए राजा जनक की शर्त थी कि जो भी वीर शिव के धनुष पर प्रत्यंचा चढ़ाएगा, वहीं राजकुमारी सीता से विवाह करेगा। तभी सभा में उपस्थित सभी राजा व महाराजा धनुष को उठाने की भरपूर कोशिश करते हैं। मगर स्वयंवर में उपस्थित कोई भी राजा उस धनुष को हिला नहीं पाते। तभी रावण का आगमन होता है। जैसे ही रावण धनुष की तरफ बढ़ता है तभी आकाशवाणी होती है। आकाशवाणी सुनकर रावण तुरंत वापस लौट जाता है और यह प्रण करता है कि सीता को एक दिन अवश्य अपनी पटरानी बनाएगा। यह सब देखकर राजा जनक के चेहरे पर निराशा छा जाती है। राजा जनक सभी क्षत्रिय राजाओं को उनकी वीरता के लिए धिकारते है। राजकुमार लक्ष्मण से यह सब नहीं सहा गया और वह राजा जनक को खरी खरी सुनाते हैं। तभी महर्षि विश्वामित्र के कहने पर श्रीराम उठते हैं और धनुष की प्रत्यंचा चढ़ा देते हैं। धनुष पर प्रत्यंचा चढ़ाने के कारण धनुष टूट जाता है। धनुष के टूटने की गर्जना सुनकर महर्षि परशुराम क्रोधित होकर सभा में पधारते हैं। जिससे सभी राजा डर जाते हैं। तभी महर्षि परशुराम व वीरवर लक्ष्मण के बीच काफी नोकझोंक होती है। जिसके बाद श्री राम परशुराम से क्षमा याचना करते हैं। तभी महर्षि परशुराम राम को पहचान जाते है कि भगवान विष्णु ने राम के रूप में अवतार धारण किया है। जिसके बाद वह वापिस चले जाते हैं। इस अवसर पर दर्शकों ने रामलीला कलाकारों द्वारा प्रस्तुत की गई कला की सराहना की गई। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम प्राचीन धरोहरों को संजोय हुए हैं।



यमुनानगर। गांव नाचरौन में आयोजित रामलीला के सीता स्वयंर दृश्य में धनुष तोड़ते हुए श्रीराम व एक दूसरे को वरमाला पहनाते हुए राम और सीता बने पात्र।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर क्लब के प्रधान डॉ. लाभ सिंह, निदेशक चंद्रपाल व सेठपाल, मुकेश जेलदार, रविंद्र राणा, राहुल पुंडीर, संदीप राणा, प्रदीप राणा, दीपक राणा, यशपाल राणा व रोहित कुमार आदि मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप



### मानवता की सेवा करना है हर मनुष्य का कर्तव्य

**रादौर।** भगवती मानव कल्याण संगठन एवं पंचज्योति शक्तितीर्थ सिद्धाश्रम ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में रादौर की पंजाबी धर्मशाला में मां दुर्गा की मासिक महाआरती का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम मां व गुरुवर के जयकारे लगवाए गए। इसके बाद शंखनाद कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। मंच संचालन बीरबल बरहेडी ने किया। महाआरती में मुख्यातिथि के रुप में भारतीय शक्ति चेतना पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष खिताब सिंह ने भाग लिया।

मुख्यातिथि एवं प्रदेशाध्यक्ष खिताब सिंह ने कहा कि राष्ट्र रक्षा, धर्म रक्षा व मानवता की सेवा करना हर मनुष्य का कर्तव्य है। हमें अपने राष्ट्र की रक्षा के लिए हर पल तत्पर रहना चाहिए।

### धान में की खरीद नहीं हो पाई शुरू

**घरौंडा।** प्रदेश सरकार की ओर से धान की सरकारी खरीद शुरू कर दी है, लेकिन घरौंडा नई अनाज मंडी में धान में नमी की मात्रा ज्यादा होने के कारण खरीद शुरू नहीं हो पाई है। खरीद के पहले दिन लगभग पांच क्विंटल धान मंडी में पहुंची है। मार्केट कमेटी के सचिव चंद्रप्रकाश ने किसानो से अपील कि है कि किसान सूखा कर लेकर आए ताकि किसानों की धान खरीदने में दिक्कत न हो।

## जिला पुलिस लाइन में लगाए पौधे

# सेवा पखवाड़ा समाज की सुरक्षा और भलाई का है संकल्प: गोयल

हरिभूमि न्यूज ▸▸ यमुनानगर

जिला पुलिस प्रशासन द्वारा सेवा पखवाड़ा के तहत जिला पुलिस लाइन जगाधरी में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि एवं पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल ने पौधारोपण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मौके पर डीएसपी मुख्यालय कवलजीत व डीएसपी राजीव मिगलानी मौजूद रहे।

मुख्यातिथि एवं एसपी कमलदीप गोयल ने कहा कि सेवा पखवाड़ा कोई औपचारिकता नहीं है। बल्कि यह समाज की सुरक्षा और भलाई का संकल्प है। उन्होंने कहा कि पेड़ पौधे हमारी जीवन रेखा हैं। बढ़ते प्रदूषण और ग्लोबल वार्मिंग की चुनौती का समाधान केवल अधिक से अधिक वृक्ष लगाने में है। एसपी कमलदीप गोयल ने बताया कि पेड़ आक्सीजन का सबसे बड़ा स्त्रोत हैं और प्रदूषण को नियंत्रित करने में मदद करते हैं। इसके साथ ही यह भूमि की उर्वरकता बनाए रखते हैं और जैव विविधता को संरक्षित करने में भी सहायक होते हैं। उन्होंने पुलिस कर्मचारियों को पौधे लगाकर उनकी सुरक्षा भी करने के लिए आहवान किया। ताकि पौधे सुरक्षित रूप से बड़े होकर छायादार वृक्ष बन सकें। उन्होंने कहा कि वृक्षारोपण एक सामूहिक जिम्मेदारी है और हर नागरिक को इसमें भाग लेना चाहिए।

यदि हर व्यक्ति साल में कम से कम एक पौधा लगाए और उसकी देखभाल करे तो समाज में हरियाली के साथ साथ स्वच्छ हवा भी उपलब्ध हो सकेगी। पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल ने कहा कि जिस प्रकार पुलिसकर्मी कानून व्यवस्था बनाए रखने और समाज की सुरक्षा के लिए हमेशा तत्पर रहते हैं। उसी प्रकार उन्हें पर्यावरण की सुरक्षा के लिए भी सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए।


यमुनानगर। जिला पुलिस लाइन जगाधरी में आयोजित पौधारोपण कार्यक्रम में पौधा रोपित करते हुए एसपी कमलदीप गोयल।

- बढ़ते प्रदूषण और ग्लोबल वार्मिंग की चुनौती का समाधान केवल अधिक से अधिक पौधे लगाने मे ही : एसपी

### पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया

उन्होंने कहा कि स्वस्थ पर्यावरण में ही स्वस्थ समाज और स्वस्थ नागरिक विकसित हो सकते हैं। पुलिस अधीक्षक ने इस मौके पर कहा कि आने वाली पीढ़ियों को सुरक्षित और स्वच्छ वातावरण देना हम सबकी जिम्मेदारी है। यदि हम अभी से जागरूक नहीं हुए तो भविष्य में सांस लेना भी कठिन हो जाएगा। कार्यक्रम में मौजूद पुलिस अधिकारियों और जवानों ने भी पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया और पौधों की देखभाल करने का वचन दिया। मौके पर जिला पुलिस लाइन जगाधरी में नीम, पीपल, आम, अमरुद, आमला, अमलतास, बेहड़ा, जामुन और अन्य छायादार व औषधीय पौधे लगाए गए। इस अवसर पर पुलिस लाइन अफसर विश्वजीत, निरीक्षक कुसुम बाला रणदीप राणा आदि मौजूद रहे।

# पुलिस ने अवैध देसी कट्टे व जिंदा कारतूस के साथ युवक को दबोचा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ यमुनानगर

- पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश कर रिमांड पर लिया

जिला अपराध अन्वेक्षण शाखा वन की टीम ने बाड़ी माजरा पुल के पास से एक युवक को अवैध देसी कट्टा व जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी युवक को अदालत में पेश किया। जहां से उसे रिमांड पर लिया गया है।

जानकारी के अनुसार शाखा के इंचार्ज राजकुमार ने बताया कि देर शाम टीम शहर में गश्त कर रही थी। इस दौरान टीम को सूचना मिली कि बाड़ी माजरा पुल के पास एक युवक अवैध हथियार के साथ किसी वारदात को अंजाम देने के लिए घूम रहा है। इस सूचना के आधार पर मुख्य सिपाही कुलदीप सिंह के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। टीम ने मौके पर जाकर वहां घूम रहे युवक को हिरासत में लेकर उसकी तलाशी ली तो उसके पास से एक अवैध देशी कट्टा व एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। पूछताछ में आरोपी की पहचान उत्तर प्रदेश के जिला मेरठ के गांव रिठानी निवासी हिमांशु के नाम से हुई है। आरोपी युवक ड्राइवरी करता है।


यमुनानगर। पुलिस टीम द्वारा अवैध हथियार के साथ पकड़ा गया आरोपी युवक। फोटो : हरिभूमि


यमुनानगर। अंतरराष्ट्रीय बुजुर्ग दिवस पर आयोजित शिविर में जांच करते चिकित्सक।

### शिविर में 67 युवाओं ने किया रक्तदान

**यमुनानगर।** जीवनदीप संस्थान व रोटरी यमुनानगर के संयुक्त तत्वाधान में अंतरराष्ट्रीय वरिष्ठ नागरिक दिवस के मौके पर रक्तदान शिविर व स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान वरिंद्र मेहंदीरत्ता बतौर मुख्य अतिथि व योगेश गर्ग विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। स्वास्थ्य मेले में जिले के 1726 वरिष्ठ नागरिकों ने स्वास्थ्य लाभ लिया। इस दौरान बीमारियों की निःशुल्क जांच, दवाइयां, कार्डियोग्राफी, खून पेशाब की जांच, टीबी की जांच, सांस की बीमारियों की जांच व एक्स रे की सुविधा दी गई। साथ ही जरूरतमंद व्यक्तियों को कान की सुनने की मशीन, छड़ी, बैसाखी, वॉकर, व्हीलचेयर और नजर के चश्मे भी निशुल्क प्रदान किए गए। वहीं सिटी चैरिटेबल ब्लड बैंक के तत्वावधान में आयोजित रक्तदान शिविर में 67 यूनिट रक्त एकत्रित हुआ। इस दौरान डॉ.वरूण गर्ग, डॉ.रणविजय राणा, डॉ.सीमांचल गर्ग, डॉ.अपूर्व गर्ग, डॉ.शुभांगी गुप्ता, डॉ.जितेंद्र शर्मा, डॉ.शिवांग मित्तल, दिशा मित्तल, डॉ.मनीष गोयल, डॉ.अमूल अग्रवाल समेत कई चिकित्सकों ने अपनी सेवाएं भी प्रदान की। शिविर में वरिष्ठ चिकित्सक डॉ.राजकुमार गर्ग, रामी सुकुजा, कमल मित्तल व जिला टीबी अधिकारी डॉक्टर सचिन को विशेष रूप से सम्मानित किया गया।

### चोरों ने सूने घर व मंदिर को बनाया निशाना

**यमुनानगर।** जिले में चोरों ने सूने घर व मंदिर को निशाना बनाकर हजारों रुपये का सामान चोरी कर लिया। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार थाना शहर जगाधरी पुलिस को दी शिकायत में रामपाल शर्मा ने बताया कि जगाधरी से जडौदा गेट समीप उनका प्लॉट है। जहां उसने कमरा बनाया हुआ है। कमरे में सामान रखा हुआ है। 20 सितंबर की रात को चोरों ने कमरे का ताला तोड़कर सरिया, मोटर, पंखे, लोहे का सामान चोरी कर लिया। उधर, धनौरा निवासी बलविंद्र ने थाना व्यासपुर पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनके गांव में देवी मंदिर है। चोरों ने मंदिर में घुसकर पूजारी के कमरे से इंवर्टर बैटरा व 1100 रुपये का नोटो का हार चोरी कर लिया।

# फर्जी बिल बनाकर हड़पें 2 लाख 17 हजार

## टिंबर मालिक की शिकायत पर चार आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज

- पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ किया धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▸▸ यमुनानगर

टिंबर फर्म से फैक्ट्री में भेजी गई लकड़ी के फर्जी बिल तैयार कर व्यक्ति ने 2.17 लाख रुपये हड़प लिए। टिंबर मालिक को जब इस बारे पता चला तो आरोपी ने अपने तीन अन्य साथियों के साथ उसे झूठे केस में फंसाने व जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने टिंबर मालिक की शिकायत पर चारों आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी व अन्य धाराओं के तहत केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार जगाधरी के पत्थरांवाला बाजार निवासी सचिन मित्तल ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी बूड़िया चौक पर वैदिका टिंबर ट्रेडर्स के नाम फर्म है। फर्म के नाम से जगाधरी लकड़ मंडी में लकड़ी की खरीद फरोख्त करता है। वह अनुज की ट्रैक्टर-ट्रॉली में लकड़ी लोड कर अलग-अलग फैक्ट्ररी में भेजता है। जिसका वह अनुज को किराया देते थे। 25 जुलाई को उनकी फर्म से मेट्रो डैकोरेटिव प्राइवेट लिमिटेड में लकड़ी सप्लाई की गई। जो बिट्टू ड्राइवर ट्रैक्टर-ट्रॉली में लोड कर ले गया था। मेट्रो डैकोरेटिव प्राइवेट लिमिटेड में बिट्टू को अनुज मिला। अनुज ने बिट्टू से बिल व माल के कांटे की पर्ची ले ली और कहा कि पर्ची में जो आठ क्विंटल की काट लगी है वह उसे जानकारी का फायदा उठाकर कम करवा लेगा। बिट्टू ने अनुज को बिल व कांटा पर्ची दे दिए। इसके बाद अनुज ने उसे फोन कर कहा कि कांटा पर्ची में काट कम नहीं हो पाई फिर उसे व्हाट्सएप पर कांटा पर्ची की फोटो भेज दी। असल पर्ची अपने पास रख ली। अनुज ने ठीक ऐसा ही 26 जुलाई को दोबारा फर्म से मेट्रो डैकोरेटिव प्राइवेट लिमिटेड में लकड़ी सप्लाई भेजने पर किया।

### कॉल आने पर ठगी का राज खुला

आठ अगस्त को मेट्रो डैकोरेटिव प्राइवेट लिमिटेड से उसके पास कॉल आया तो उसे अनुज द्वारा की जा रही ठगी का पता चला। मेट्रो डैकोरेटिव प्राइवेट लिमिटेड से कॉल पर बताया गया कि 25 व 26 जुलाई को जो लकड़ी सप्लाई के बिल भेजे गए। उन तारीख में उनकी फर्म से कोई लकड़ी नहीं आई। बाद में पता चला कि अनुज ने दोनों बार असल बिल व कांटा पर्ची पर वैदिका टिम्बर्स का नाम काटकर गगन लिखवा दिया था। साथ ही गगन सोडी को फोन कर कहा कि उसने उनके खाते में एक-एक ट्रॉली लकड़ी गिराई है।

### तीन युवकों ने किशोरी के साथ की छेड़छाड़

**यमुनानगर।** छछरौली थाना क्षेत्र के एक गांव में तीन युवकों ने किशोरी के साथ छेड़छाड़ की। किशोरी के विरोध करने पर आरोपियों ने उसे इस बारे किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद तीनों आरोपी युवकों के खिलाफ आठ पोक्सो एक्ट के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार छछरौली थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनके गांव की ही सहफुा, नावेद व हायुम उसकी 14 वर्षीय बेटी को काफी दिनों से परेशान कर रहे थे। उसकी बेटी जब भी घर से बाहर जाती आरोपी उसका पीछा करना शुरू कर देते।

## एमबीए के 24 छात्र-छात्राए हुईं शामिल

# विद्यार्थियों के ज्ञानवर्धन के लिए करवाया औद्योगिक भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रादौर

जेएमआईटी इंजीनियरिंग कॉलेज की ओर से सोमवार को रैडिसन रेड, मोहाली में औद्योगिक भ्रमण का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रथम वर्ष बीटेक, प्रथम वर्ष बीबीए, तृतीय वर्ष सीएसई, प्रथम वर्ष एमबीए के 24 छात्र-छात्राएं शामिल हुए। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों को अतिथि सत्कार व हॉस्पिटैलिटी उद्योग का प्रत्यक्ष अनुभव प्रदान किया गया।

उद्योग विशेषज्ञों के मार्गदर्शन में छात्रों ने पेशेवर शिष्टाचार, अंतरराष्ट्रीय सेवा मानक व सही भोजन प्रथाओं के बारे में जानकारी हासिल की। उन्हें कटलरी जैसे फिश फोर्क, डिनर फोर्क, सलाद फोर्क का सही उपयोग व उनके काम के बारे में बताया गया। इसके अलावा, उन्हें टेबल मैनर्स, सही भोजन शिष्टाचार व अतिथि सेवा के नियम भी समझाए गए। जिससे छात्रों में आत्मविश्वास, पेशेवर कौशल और अच्छे व्यवहार का विकास हुआ। सभी प्रतिभागियों को जेएमआईटी और रैडिसन रेड मोहाली द्वारा संयुक्त रूप से समापन प्रमाणपत्र प्रदान किया गया। संस्थान के निदेशक डॉ.एसके गर्ग ने कहा कि इस प्रकार के औद्योगिक भ्रमण छात्रों को शैक्षणिक ज्ञान और व्यावहारिक अनुभव के बीच सेतु का अवसर प्रदान करते हैं। हमें गर्व है कि हमारे छात्र केवल सैद्धांतिक रूप से ही नहीं बल्कि पेशेवर दक्षता और वैश्विक मानकों के अनुसार तैयार हो रहे हैं। इस अनुभव से उन्हें आत्मविश्वास, अनुशासन और पेशेवर उत्कृष्टता की दिशा में महत्वपूर्ण सीख मिली है।




# रोटरी क्लब ने लगाए पौधे

- वातावरण को स्वच्छ रखने के लिए हमें अधिक से अधिक पौधे लगाने होंगे : हरजीत सिंह

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रादौर

अंतर्राष्ट्रीय रोटरी क्लब रादौर शाखा द्वारा कस्बा में विश्व शांति दिवस के उपलक्ष में पौधारोपण करके लोगों को वातावरण स्वच्छ रखने के लिए प्रेरित किया। पौधारोपण कार्यक्रम का शुभारंभ रोटरी क्लब रादौर के प्रधान हरजीत सिंह ने पौधा लगाकर किया।

क्लब के प्रधान हरजीत सिंह सैनी व सचिव भारत माटिया ने कहा कि दुनिया भर में लंबे समय से विभिन्न मुद्धों को लेकर संघर्ष चल रहा है। जिसकी वजह से आज जहां संसार भर में अशांति का माहौल है। वहीं, वातावरण भी प्रभावित हो रहा है। हमें वातावरण को स्वच्छ रखने के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाने चाहिएं। पौधे लगाने के बाद उनकी देखभाल करना भी बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि आज विश्व भर में कई देशों में संघर्ष चल रहा है। चारों ओर अशांति का माहौल है। जबकि संयुक्त राष्ट्र महासंघ ने शांति की संस्कृति के लिए जीवन, मानवाधिकारों और मौलिक स्वतंत्रताओं के प्रति सम्मानय शिक्षा, संवाद और सहयोग के माध्यम से अहिंसा को बढ़ावा देनाए, संघर्षों के शांतिपूर्ण समाधान के लिए प्रतिबद्धता और समाज के सभी स्तरों और राष्ट्रों के बीच बीच स्वतंत्रता, न्याय, लोकतंत्र, सहिष्णुता, एकजुटता, सहयोग, बहुलवाद, सांस्कृतिक विविधता व संवाद और समझ का पालन करना निर्धारित किया हुआ है। इस अवसर पर डॉ. एससी सैनी, देवीदयाल अरोड़ा, मोहनलाल अरोड़ा, संदीप सैनी आदि मौजूद रहे।



रादौर। महाराणा प्रताप पार्क में पौधरोपण करते हुए रोटरी क्लब के सदस्य।

## राजकीय कॉलेज छछरौली में क्विज का आयोजन

# क्विज में गुरु नानक खालसा कॉलेज की टीम द्वितीय रही

## प्रिंसीपल डॉ. अरविंदर भल्ला व अन्य स्टाफ सदस्यों ने जोरदार स्वागत किया

हरिभूमि न्यूज ▸▸ यमुनानगर

गुरु नानक खालसा कॉलेज की टीम ने राजकीय कालेज छछरौली में आयोजित क्विज प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त कर संस्थान का नाम रोशन किया है। कॉलेज में टीम के पहुंचने पर प्रिंसीपल डॉ. अरविंदर भल्ला व अन्य स्टाफ सदस्यों ने जोरदार स्वागत किया है। प्रिंसीपल डॉ. अरविंदर सिंह भल्ला ने बताया कि गत दिवस राजकीय कालेज छछरौली में क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें उनके कॉलेज टीम में शामिल बीएससी लाइफ सांइस के पांचवे सेमेस्टर पौशली, बीएससी लाइफ साइंसे के पांचवे सेमेस्टर से मेधावी व बीएससी लाइफ साइंस के तीसरे सेमेस्टर से जागृति ने भाग लिया।

इस दौरान क्विज प्रतियोगिता उनके कालेज की टीम ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर दो हजार रुपये का नगद पुरस्कार प्राप्त किया। कॉलेज प्राचार्य डॉ. अर्विंदर सिंह भल्ला ने विजेताओं को बधाई दी।


यमुनानगर। गुरु नानक खालसा कॉलेज में विजेता टीम को पुरस्कृत करते हुए संस्थान के प्राचार्य डॉ. अरविंदर सिंह भल्ला। फोटो : हरिभूमि

### विजेता टीम को बधाई और शुभकामनाएं दी

उन्होंने कहा कि ऐसी उपलब्धियां हमारे विद्यार्थियों की मेहनत, प्रतिभा और प्रतिबद्धता को दर्शाती हैं जो निरंतर संस्थान का नाम रोशन कर रहे हैं। कॉलेज प्रबंधन समिति के अध्यक्ष सरदार रणदीप सिंह जौहर ने विजेता टीम को बधाई दी और उन्हें शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों की ऐसी सफलताएं कॉलेज की प्रतिष्ठा को और सशक्त करती हैं तथा दूसरों को उत्कृष्टता की ओर प्रेरित करती हैं। मौके पर डॉ. वर्षा निगम और प्रो. यासमीन ने भी विद्यार्थियों को उनकी इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर हार्दिक बधाई दी।

खबर संक्षेप



## नवीन जिंदल की मित्रता प्रेरणादायक : अंकित

**कुरुक्षेत्र।** प्रसिद्ध उद्योगपति एवं कुरुक्षेत्र के सांसद नवीन जिंदल अपने पुराने साथी, जाने-माने समाजसेवी सुभाष गुप्ता एवं ऑल इंडिया लॉयर्स फोरम के प्रदेश महासचिव एडवोकेट अंकित गुप्ता के निवास स्थान पर पधारे। इस अवसर पर नवीन जिंदल ने स्नेहपूर्वक भेंटवार्ता की तथा सुभाष गुप्ता की धर्मपत्नी के स्वास्थ्य का हाल-चाल जाना। एडवोकेट अंकित गुप्ता ने कहा कि नवीन जिंदल बहुत ही बेहतरीन इंसान हैं। वे अपने पुराने संबंधों को हमेशा याद रखते हैं और मित्रता निभाने का जो उनका स्वभाव है, वह समाज के लिए प्रेरणादायक है।

## होस्टल मैस वर्कर यूनियन की बैठक आज

**कुरुक्षेत्र।** होस्टल मैस वर्कर यूनियन की कार्यकारिणी की बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता यूनियन के प्रधान सुभाष पारचा ने की और बैठक संचालन यूनियन के महासचिव कृष्ण चंद सैनी ने किया। बैठक मे सर्व सम्मति से फैसला लिया कि मैस कर्मचारियों की समस्याओं को लेकर 23 मार्च को आम सभा बैठक की जाएगी। कार्यकारिणी की बैठक 9 जुलाई को हाईकोर्ट चंडीगढ़ से मैस कर्मचारियों के फैसला लागू करवाना आदि मुद्दों पर विचार विमर्श किया गया। इन मुद्दों को लेकर कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय प्रशासन को मांग पत्र सौंपा जाएगा।

## बैंकवेट में प्रदर्शनी 26 सितंबर को

**कुरुक्षेत्र।** दा लालाज बैंकवेट में 26 सितंबर को करवा चौथ व दिवाली के मध्यनजर एक प्रदर्शनी लगाई जाएगी। आयोजक दिव्या बंसल, नेहा गर्ग व शिवानी गर्ग ने बताया कि इस प्रदर्शनी का समय सुबह 10 से लेकर रात्रि 8 बजे तक का रहेगा। इस प्रदर्शनी में आने के लिए प्रवेश निशुल्क रहेगा। इसमें उपभोक्ताओं की जरुरत का सामान सेल के लिए रखा गया है। प्रदर्शनी के दौरान लक्की ड्रा भी निकाला जाएगा। इस प्रदर्शनी में सूट, साडीज, दिवाली सजावट का सामान, ज्वैलरी, केक, चॉकलेट, बच्चों का सामान, वेस्टर्न वीयर, कॉस्मेटिक सहित अन्य सामान उपलब्ध रहेगा।

## ड्रीम्स परियोजना टीम को अनुदान पत्र सौंपा

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने ड्रीम्स (उन्नत सामग्रियों के लिए गतिशील अनुसंधान पारिस्थितिकी तंत्र) परियोजना की शोध टीम को आधिकारिक रूप से 10.5 करोड़ रुपये के एएनआरएफ एंड पेयर अनुदान का स्वीकृति पत्र सौंपा। पत्र सौंपते हुए, प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने टीम को बधाई दी और इस उपलब्धि को कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की शोध यात्रा में एक मील का पत्थर बताया। प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कहा, यह परियोजना राष्ट्रीय अनुसंधान पारिस्थितिकी तंत्र में विश्वविद्यालय की स्थिति को ऊँचा उठाएगी।

### कैबिनेट मंत्री डा. अरविंद शर्मा ने दिखाई हरी झंडी

# मां भद्रकाली शक्तिपीठ में शोभायात्रा के साथ शारदीय नवरात्रि का शुभारंभ

**शोभायात्रा में शामिल हुई 5100 कलशधारी महिलाएं, जगह-जगह हुआ भव्य स्वागत**

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कुरुक्षेत्र

हरियाणा के एकमात्र शक्तिपीठ श्री देवीकूप भद्रकाली मंदिर में 15 दिनों तक चलने वाले शक्ति महोत्सव शारदीय नवरात्रि की भव्य शुरूआत हुई। पहले दिन की शुरूआत प्रातः कालीन मंगला आरती मुख्य पुजारिन शिमला देवी द्वारा की गई जिसमें दीपक बहल मुख्य यजमान के रूप में सम्मिलित हुए। पारुल वर्मा कुरुक्षेत्र द्वारा विशेष 56 भोग का प्रसाद माँ भद्रकाली जी को अर्पित किया गया। तत्पश्चात प्रातः 8: बजे सुनील शर्मा द्वारा कलश पूजन किया गया। पीठाध्यक्ष सतपाल शर्मा के सान्निध्य में प्रातः 9 बजे प्रथानुसार अध्यक्ष महोदय नरेंद्र वालिया द्वारा गणेश द्वार पर और 108 फुट ऊंचे विशेष स्वर्णिम रंग से रंगित गुंबद पर ध्वजारोहण किया गया और फिर माँ भद्रकाली जी की विधिवत पूजा कर उनका आह्वान किया गया और सुखद कार्यक्रमों की मनोकामना की गई।



कुरुक्षेत्र। कैबिनेट मंत्री डा. अरविंद शर्मा को प्रसाद भेंट करते भद्रकाली मंदिर के पीठाध्यक्ष पंडित सतपाल शर्मा।



कुरुक्षेत्र। शोभायात्रा में शामिल कलशधारी महिलाएं।

### 1100 झंडे व 52 शक्तिपीठों के 52 चांदी त्रिशूल ने बढ़ाई शोभा

*गौरतलब है कि शक्तिपीठ में पूरे वर्ष ही भंडारा होता है और नवरात्रों में प्रतिदिन व्रतधारियों के लिए भी अलग से इंतजाम किया जाता है। प्रातः 10 बजे नवरात्रि व्रत भंडारा डॉ. पवन के. दीवान द्वारा समर्पित किया गया। दोपहर 12 बजे पीठाध्यक्ष परिवार व हरियाणा सरकार में कैबिनेट मंत्री डा. अरविन्द कुमार शर्मा द्वारा ज्योति पूजन किया गया तथा मंदिर गर्भगृह से माँ भद्रकाली जी की पीतल की प्रतिमा को विशेष पालकी पर बिठा कर ज्योति रथ पर स्थापित कर ज्योति प्रज्ज्वलित की गई। हरियाणा की सबसे बड़ी धार्मिक शोभा यात्रा को मंत्री ने नारियल फोड़ कर व हरी झंडी दिखाकर नगर परिक्रमा के लिए रवाना किया। शोभायात्रा में माँ भद्रकाली ज्योति रथ, प्रसाद रथ, 5100 कलशधारी महिलाए, 1100 झंडे , 52 शक्तिपीठों के 52 चांदी त्रिशूल , 11 गोल ध्वज पताका , 104 विशेष /"जय माँ/" छतरी भी माँ भद्रकाली जी की शोभा को बढ़ाती दिखाई दी, 21 ढोल, पाइप बैंड बाजा ,माँ काली के 8 स्वरूपों को दशार्ते माँ भवानी के विभिन्न रथ, इत्यादि सम्मिलित थे ।*

### भक्तों को किशमिश- फलों व मिश्री प्रसाद किया वितरित

*ज्योति रथ से निकलती दिव्य ज्योत ने पूरे नगर को आलोकित कर , माँ के आशीर्वाद से शहर को जगमगाया। ज्योति रथ में पीठाध्यक्ष के छोटे सुपुत्र देवांशु शर्मा मुख्य रूप से पुजारी रूप में मौजूद थे और भक्तों को किशमिश- फलों व मिश्री प्रसाद आशीर्वाद स्वरूप दे रहे थे। ज्योति रथ के मार्ग में 52 से ज्यादा जगहों पर भक्तों के द्वारा प्रसाद वितरित किया गया जैसे फल का प्रसाद, हलवा चने का प्रसाद, दूध, लस्सी, मिठाई, केला, जूस, कोड ड्रिंक्स इत्यादि। नगरदेवी माँ भद्रकाली जी की ज्योति धर्मक्षेत्र कुरुक्षेत्र को प्रकाशमान करते हुए मंदिर से निकलकर रोटरी चौक, सीकरी चौक, अम्बेडकर चौक, सेक्टर 17 मार्किट, वालिया बिल्डिंग , पारस सिनेमा , गोल बैंक चौक, न्यू कॉलोनी, अमीन रोड, छटी पातशाही गुरुद्वार, अंबेडकर चौक, कच्चा घेर ,सीकरी चौक , दर्रा खेड़ा, शेखचिल्ली के मकबरे से होते हुए वापिस माँ भद्रकाली शक्तिपीठ में सांय 6 बजे प्रतिस्थापित हुई।*

### धार्मिक व पर्यटन की दृष्टि से कुरुक्षेत्र की विश्व में पहचान

*हरियाणा के पर्यटन एवं सहकारिता मंत्री डा. अरविंद शर्मा ने कहा कि धार्मिक और पर्यटन की दृष्टि से कुरुक्षेत्र की पहचान पूरे विश्व में है। इस पावन धरा कुरुक्षेत्र के साथ-साथ हरियाणा का हर क्षेत्र में चहुमुखी विकास हो रहा है और प्रदेश सरकार की तरफ से कुरुक्षेत्र में पर्यटन की दृष्टि से अनेक योजनाओं पर कार्य किया जा रहा है। पर्यटन मंत्री डा. अरविंद शर्मा ने प्रदेशवासियों को नवरात्रि के साथ-साथ दशहरा, दीपावली व अन्य पर्वों को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि प्रदेश के हर नागरिक को कुरुक्षेत्र की शक्तिपीठ मां भद्रकाली मंदिर में सुख शांति और समृद्धि के लिए मां का आशीर्वाद लेने के लिए पहुंचना चाहिए। इस मंदिर से मां का आशीर्वाद प्राप्त करने के बाद हर व्यक्ति की मनोकामना पूर्ण होगी। उन्होंने कहा कि शक्तिपीठ मां भद्रकाली मंदिर के साथ कुरुक्षेत्र के अन्य धार्मिक व पर्यटन स्थलों के कारण देश ही नहीं विदेशों में भी एक अलग पहचान है।*

**पांच दिवसीय कार्यक्रम में अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कलाकार करेंगें मंचन**

## गीता ज्ञान संस्थानम में 24 से शुरू होगा रामायण उत्सव

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कुरुक्षेत्र

गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद की प्रेरणा से गीता ज्ञान संस्थानम में 24 सितंबर से पांच दिवसीय रामायण उत्सव का मंचन किया जाएगा। 24 तथा 25 सितंबर को रासकला मंच सफीदों द्वारा संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार के सौजन्य से उच्च तकनीक पर आधारित रामायण दिखाई जाएगी। रासकला मंच के निर्देशक रवि मोहन भारद्वाज ने जानकारी देते हुए बताया कि उनका मंच पिछले 30 वर्षों से थियेटर कर रहे हैं जिसमें धार्मिक व सामाजिक नाटकों का मंचन किया जाता है। अब दो दिवसीय रामायण उत्सव 24 तथा 25 सितंबर को गीता ज्ञान संस्थानम् में आयोजित होगा। इसमें राम जन्म से लेकर राम के राज्याभिषेक की कहानी दो दिनों में मंचन की जाएगी। प्रथम दिन राम जन्म से लेकर सरूर्पणखा के नाक काटने तक का मंचन होगा तथा अगले दिन 25 सितंबर को राम के राज्याभिषेक तक का मंचन किया जाएगा।



### देशभर से 130 कलाकार लेंगे हिस्सा

*यह रामायण उत्सव देश में पहली बार गीता ज्ञान संस्थानम् में आयोजित किया जा रहा है। जिसका शुभारंभ गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद जी करेंगें। रवि मोहन भारद्वाज ने जानकारी दी कि इस रामायण उत्सव में अंतरराष्ट्रीय स्तर के लगभग 130 कलाकार भाग लेंगें जबकि अन्य आवाजें राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय के कलाकारों की हैं। उच्च तकनीक पर आधारित विश्वस्तरीय इस रामायण उत्सव का निर्देशन स्वयं उन्होने किया है जबकि संगीत नाट्य लेखन पवन भारद्वाज ने किया है। सहायक निर्देशक के तौर पर अंकिता, कमल खटक व मुखौटा निर्माण अभिषेक भारती ने किया है। रामायण उत्सव का संगीत प्रसिद्ध संगीतकार मनन भारद्वाज ने दिया है। मंच प्रबंधन दीपक शर्मा करेंगें। रामायण उत्सव में गायकी प्राजकता शुकरे की की रहेगी। उन्होने बताया कि आने वाली पीढी को अपनी संस्कृति से अवगत कराने के लिए उन्होने रामायण उत्सव नाटक तैयार किया है।*

## माता बाला सुंदरी मंदिर में लगा भक्तों का तांता



**शाहबाद।** शारदीय नवरात्रों के अवसर पर नगर के माता बाला सुंदरी मंदिर के भवन को रंग बिरंगी लाइटों और फूलों से सजाया गया। नवरात्रों के मौके पर नगर और दूर दराज से माता के भगत माता के दर्शनों के लिए पहुंचते हैं और अपनी मनोकामनाएं पूर्ण करते हैं। आज पहले नवरात्रि के उपलक्ष में लोग सुबह 4 बजे से ही माता के दर्शनों के लिए पहुंच गए और कितारों में लगकर मां भगवती के दर्शन किए। पूरा भवन माता के जयकारों से गूंज मान रहा। भवन के बाहर खेल और प्रसाद की दुकान लगी रही। मंदिर के मुख्य पुजारी ऋषि राज और सतीश शर्मा ने बताया कि मंदिर में आसपास के गांव से भक्तजन माता के दर्शनों के लिए पहुंचते हैं और अपनी मनोकामनाएं पूर्ण करते हैं।

## मांगों को लकर सीएम आवास का घेराव आज

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कुरुक्षेत्र

एलसीएलओ कर्मचारी यूनियन हरियाणा के बैनर तले लघु सचिवालय कुरुक्षेत्र के सामने धरना चौथे दिन भी जारी रहा। धरने की अध्यक्षता नीतू प्रधान ने की ओर संचालन पवन पलवल राज्य महासचिव ने किया। धरने पर सीटू की राज्य प्रधान सुरेखा ने बताया कि सीटू के एक एक कार्यकर्ता एलसीएलओ के राज्य स्तरीय आंदोलन को पूरा समर्थन करते हैं व जब भी इनको हमारी जरूरत पड़ेगी हम उसी समय धरने पर बैठे मिलेंगे। नीतू राज्य प्रधान ने कहा कि करीब चार हजार लोकल कमेटी लोकल ऑपरेटर को 16 महीने से न काम मिला और न ही वेतन। नौकरी का विज्ञापन और टेस्ट सीपीएलओ की पोस्ट के लिए लेकिन ऑफर लेटर एलसीएलओ का। यह बेरोजगारों के साथ धोखाधड़ी है।

- एलसीएलओ कर्मचारी यूनियन हरियाणा के बैनर तले धरना जारी



### समस्याओं का समाधान करे

*ओमप्रकाश जिला प्रधान सर्व कर्मचारी संघ ने बताया कि हरियाणा सरकार अपनी हठधर्मिता को छोड़कर छउछड के पदाधिकारियों को बुला कर बातचीत के माध्यम से समस्याओं का समाधान करे अन्यथा आंदोलन और तेज होगा और इस सब की जिम्मेंदार सरकार होगी। यूनियन राज्य प्रधान नीतू और राज्य महासचिव पवन पलवल ने कहा कि 23 सितंबर 2025 को हम कुरुक्षेत्र में मुख्यमंत्री आवास का भारी संख्याबल में एलसीएलओ यूनियन हरियाणा, सीटू, सर्व कर्मचारी संघ रिटायर्ड कर्मचारी संघ, आशा वर्कर, आंगनवाड़ी मिड डे मील, हेमसा के नेतृत्व में घेराव करके धरना देंगे।*

## कुलपति आवास पर आपराधिक घटना की कुटा ने की कड़ी निंदा

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय शिक्षक संघ (कुटा) ने महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय, रोहतक के कुलपति एवं कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के पूर्व शिक्षक और छात्र प्रो. राजबीर सिंह के रोहतक स्थित कुलपति आवास पर 19 सितम्बर को हुई अमर्यादित एवं आपराधिक घटना की कड़े शब्दों में निंदा की है। कुटा द्वारा जारी बयान में बताया गया कि घटना के समय कुलपति और उनकी धर्मपत्नी आवास पर उपस्थित नहीं थे, जबकि उनके आवास में कुछ अराजक तत्वों ने जबरन घुसकर हुड़दंग मचाया। उस समय कुलपति की 80 वर्षीय अस्वस्थ माता अकेली थीं, जिससे यह स्पष्ट होता है कि यह न केवल एक गंभीर सुरक्षा चूक है, बल्कि एक सुनियोजित साजिश भी हो सकती है।

## वोट चोर, गद्दी छोड़ हस्ताक्षर अभियान शुरू

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कुरुक्षेत्र

जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा जिला प्रधान मेवा सिंह के नेतृत्व में वोट चोर गद्दी छोड़ हस्ताक्षर अभियान शुरू किया गया। इस मौके पर पूर्व मंत्री एवं थानेसर के विधायक अशोक अरोड़ा, शाहाबाद के विधायक रामकरण काला, पिहोवा के विधायक मनदीप चट्ठा, पूर्व सांसद कैलाशो सैनी समेत कांग्रेसी कार्यकर्ता मौजूद रहे। विधायक अशोक अरोड़ा और जिला प्रधान एवं पूर्व विधायक मेवा सिंह ने बताया कि कांग्रेस हाईकमान के निर्देश पर पूरे देश में वोट चोर गद्दी छोड़ हस्ताक्षर अभियान शुरू किया गया है। लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी ने वोट चोरी के तथ्यों समेत सबूत जनता के सामने उजागर करके चुनाव आयोग और सरकार को कटघरे में खड़ा कर दिया है।

- *जिला कांग्रेस कमेटी ने प्रधान मेवा सिंह के नेतृत्व में किया शुभारंभ*



कुरुक्षेत्र। जिला कांग्रेस कार्यालय में हस्ताक्षर अभियान की शुरूआत करते कांग्रेसी नेता।

### राष्ट्रपति को सौंपा जाएगा ज्ञापन

*मेवा सिंह ने कहा कि कांग्रेसी कार्यकर्ता हर घर तक पहुंचकर हस्ताक्षर करवाएंगे और वोट चोरी करके गद्दी पर बैठने वालों को गद्दी छोड़ने पर मजबूर करेंगे। सारे देश से जनता के हस्ताक्षर करवाकर कांग्रेस हाईकमान को भेजेंगे। हाईकमान इस हस्ताक्षरयुक्त ज्ञापन को देश के राष्ट्रपति को सौपेंगा। जिला कांग्रेस कार्यालय से अभियान शुरू करने के बाद विधायक अशोक अरोड़ा अपने साथी विधायकों और जिलाध्यक्ष मेवा सिंह के साथ महाराजा अग्रसेन चौक पर गए।*

## रक्तदान शिविर में 50 यूनिट ब्लड एकत्रित

*कुरुक्षेत्र। रोड समाज ने एलएनजेपी अस्पताल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया, जिसमें युवाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस शिविर में 50 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया, जिसे जरूरतमंद मरीजों की मदद के लिए ब्लड बैंक को सौंपा गया। महिला विंग की राष्ट्रीय अध्यक्षा निर्मल दहिया ने कहा कि इस पहल का मकसद रक्तदान के प्रति समाज में जागरूकता फैलाना और अस्पतालों में रक्त की निरंतर उपलब्धता सुनिश्चित करना है। शिविर में प्राप्त रक्त गंभीर बीमारियों, दुर्घटनाओं और सर्जरी के मरीजों को जीवन बचाने में मदद करेगा। याद रखिए आपके रक्त की एक बूंद किसी के प्राण बचा सकती है। इसलिए प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति को रक्तदान करना चाहिए। यह मानवता की सेवा का सबसे बड़ा पुण्य कार्य है। कार्यक्रम में राष्ट्रीय अध्यक्ष रणबीर लाठर, राष्ट्रीय सचिव राजेश लाठर, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विकास कल्याण, महिला विंग की राष्ट्रीय अध्यक्षा निर्मल दहिया सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। इस आयोजन को सफल बनाने में कार्यकताओं परमिंदर रोडवंशी, शीश लाठर और मंजीत लाठर की महत्वपूर्ण भूमिका रही।*




कुरुक्षेत्र। समाजसेविका निर्मल दहिया रक्तदानी को सम्मानित करते हुए।

## समय से पहले धान की खरीद शुरू होना सीएम का ऐतिहासिक कदम : कलसाना

हरिभूमि न्यूज ▸▸| शाहबाद

सोमवार को शाहाबाद की अनाज मंडी में धान की सरकारी खरीद विधिवत रूप से शुरू हो गई। खरीद प्रक्रिया का शुभारंभ भाजपा नेता मास्टर सुभाष कलसाना, मंडी प्रधान स्वर्णजीत सिंह कालड़ा, मंडी प्रधान धनपत राय अग्रवाल और मार्केट कमेटी के सचिव कृष्ण कुमार मलिक की मौजूदगी में किया गया। सबसे पहली ढेरी गांव नलवी से किसान जोगा सिंह लेकर आए। पहली ढेरी पहुंचने पर सुभाष कलसाना ने किसान का मुंह मीठा करवाया और शुभकामनाएं दीं।



शाहबाद। धान की सरकारी खरीद शुरू करवाते मास्टर सुभाष कलसाना।

### किसानों को राहत देने पर जताया आभार

*इस दौरान सुभाष कलसाना ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने किसानों की भावनाओं को देखते हुए समय से पहले और पहले नवरात्र पर धान की खरीद शुरू करवाई है। यह किसानों के हित में ऐतिहासिक कदम है और इससे पहले धान की खरीद सदैव अक्तूबर माह में शुरू होती थी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने राइस मिल्लरों को भी बड़ी राहत देने का काम किया है। मंडी प्रधान स्वर्णजीत सिंह कालड़ा ने कहा कि वह आढ़तियों की तरफ से मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का आभार व्यक्त करते हैं जिन्होंने किसानों को राहत दी।*

## पूर्व राज्यमंत्री सुधा ने किया मुख्यमंत्री के मीडिया कोर्डिनेटर के कार्यालय का उद्घाटन

*कुरुक्षेत्र। हरियाणा के पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी हर वर्ग के लिए जनकल्याणकारी योजनाओं को अमलीजामा पहनाने का काम किया है। इन योजनाओं को जन-जन पहुंचाने के लिए हर कार्यकर्ता को मजबूत करने का काम किया है। इसी तरह तुषार सैनी को मीडिया कोर्डिनेटर बनाकर एक सराहनीय कार्य किया है। पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा सोमवार को नए लघु सचिवालय में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। इससे पहले हरियाणा के पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने मंत्रोच्चारण के बीच नारियल फोडकर विधिवत रूप से नए लघु सचिवालय के तृतीय तल पर मीडिया कोर्डिनेटर तुषार सैनी के कार्यालय का उद्घाटन किया और मीडिया कोर्डिनेटर तुषार सैनी को कुर्सी पर बिठाकर बधाई और शुभकामना दी। पूर्व राज्यमंत्री ने कहा कि मीडिया कोर्डिनेटर तुषार सैनी सरकार की योजनाओं को मीडिया के माध्यम से आमजन तक पहुंचाने का काम करेंगे। इसके साथ ही मीडिया और सरकार के बीच संबंधों को और मजबूत करेंगे।*





## धान की फसल का सरकार की तरफ से खरीदा जाएगा एक-एक दाना : सुभाष सुधा

**कुरुक्षेत्र।** पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि सरकार की तरफ से किसानों की धान की फसल का एक-एक दाना खरीदा जाएगा। इस बार सरकार ने किसानों के हित को देखते हुए फसल खरीद कार्य को जल्द शुरू करने का काम किया है। इससे किसानों की फसल की खरीद का कार्य जल्द संभव हो पाएगा। इतना ही नहीं एजेंसियों की तरफ से खरीद कार्य के प्रबंध पूरे किए गए हैं। पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा सोमवार को थानेसर अनाज मंडी में अधिकारियों को कुछ आवश्यक दिशा-निर्देश दे रहे थे। इससे पहले पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने थानेसर अनाज मंडी में धान खरीद कार्य को शुरू करवाया। किसानों और अधिकारियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि सरकार की तरफ से खरीद कार्य के सभी प्रबंध कर लिए गए हैं। सभी एजेंसियां को हिदायत जारी की गई है कि मंडियों व खरीद केंद्रों में किसानों और व्यापारियों तथा मजदूरों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं आनी चाहिए। उन्होंने कहा कि बारदाना के पर्याप्त मात्रा में प्रबंध किया गया है। उठान कार्य भी जल्द से जल्द संभव होगा। इसके लिए अधिकारियों को विशेष हिदायतें दी गई हैं। इतना ही नहीं किसानों को निर्धारित समय अवधि में फसलों का भुगतान का कार्य किया जाएगा। अगर किसी भी स्तर पर कोई विलंब हुआ या कमी पाई गई तो संबंधित कर्मचारियों और अधिकारियों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। इस मौके पर मंडी प्रधान पी दयाल आदि मौजूद रहे।

**कार्यक्रम** | अग्रवाल वैश्य समाज हरियाणा ने किया संकल्प से सृजन मुहिम पर विचार गोष्ठी का आयोजन

# वैश्य समाज बिखरे हुए स्वरूप से निकलकर एक समन्वित और संगठित ताकत के रूप में सामने आए : सांसद नवीन

**महाराजा अग्रसेन के चित्र पर पुष्प अर्पित किए**

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कुरुक्षेत्र

विकसित भारत के सपने को साकार करने में अग्रवाल वैश्य समाज महत्वपूर्ण योगदान देने का कार्य कर रहा है। समाज की सबसे बड़ी ताकत उसकी सेवा भावना है। कुरुक्षेत्र के सांसद नवीन जिंदल ने महाराजा अग्रसेन जयंती के अवसर पर अग्रवाल वैश्य समाज हरियाणा की कुरुक्षेत्र इकाई द्वारा रेलवे स्टेशन के निकट स्थित अग्रवाल धर्मशाला में आयोजित संकल्प से सृजन विचार गोष्ठी में बतौर मुख्य अतिथि अपने विचार रखते हुए कहा कि आज जरूरत कि हम वैश्य समाज बिखरे हुए स्वरूप से निकलकर एक समन्वित और संगठित ताकत के रूप में सामने आएं। इस संगोष्ठी का मुख्य उद्देश्य वैश्य समाज को सामाजिक, संगठनात्मक एवं राजनीतिक रूप से मजबूत करना तथा आने वाली पीढ़ियों के लिए सशक्त और जागरूक वातावरण तैयार करना था।



कुरुक्षेत्र। अग्रवाल वैश्य समाज हरियाणा द्वारा आयोजित विचार गोष्ठी में सांसद नवीन जिंदल, अन्य अतिथि, विद्वान वक्तागण तथा संस्था पदाधिकारी व सदस्य।

### दीप प्रज्वलन से कार्यक्रम का शुभारंभ

विचार गोष्ठी का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं महाराजा अग्रसेन के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया। सांसद नवीन जिंदल ने कहा कि यदि हम अपने समाज की सौ प्रतिशत एकजुटता सुनिश्चित कर लें तो किसी भी चुनाव में किसी भी क्षेत्र में निर्णायक भूमिका निभा सकते हैं। परंतु इसके लिए आवश्यक है कि छोटे-छोटे मतभेदों को भुलाकर सामूहिक हित को प्राथमिकता दी जाए। उन्होंने स्पष्ट करते हुए कहा कि यदि वैश्य समाज संगठित होकर आगे बढ़ेगा तो उसकी शक्ति को कोई भी अनदेखा नहीं कर सकता। अग्रवाल वैश्य समाज के प्रदेश अध्यक्ष अशोक बुवानीवाला ने कहा कि वैश्य समाज ने हमेशा देश-प्रदेश और समाज निर्माण में अग्रणी भूमिका निभाई है। संगोष्ठी में सानिध्य हरियाणा चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री कुरुक्षेत्र चैप्टर चेयरमैन डा. नरेंद्र पाल गुप्ता एवं श्रीवैश्य अग्रवाल पंचायत के प्रधान सत्य प्रकाश गुप्ता का रहा। संगोष्ठी को रवि अग्रवाल, बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ अध्यक्ष रजनीश गुप्ता, प्रदेश संगठन सचिव मुनीष मित्तल, अश्विनी जैन, जिलाध्यक्ष अशोक गर्ग ने भी सम्बोधित किया।

### ये रहे मौजूद

संगोष्ठी में गोपाल गोयल पाली, युवा जिलाध्यक्ष श्रीकांत बंसल, प्रदेश संगठन सचिव रमेश गर्ग एवं कपिल मित्तल, राम कुमार गोयल, राज कुमार मित्तल, विशाल सिंगला, संजीव सीकरी, अजय गुप्ता, बीबी जिंदल, तरसेम बंसल पानीपत, विनोद गर्ग, संजीव गर्ग, विजय गर्ग, योगेश गर्ग, सचिन सिंगला, कुलवंत गर्ग, विनय गुप्ता, रेखा गर्ग, सुमित गर्ग, सचिन गुप्ता, विपिन गर्ग, सौरभ गोयल, डा. माला राम बंसल, प्रमोद बंसल, हिमांशु गुप्ता, स्वाति गुप्ता, विद्या सागर बंसल, सौभाग्य बंसल, ज्ञान गर्ग, राघव कंसल, मुरारी लाल अग्रवाल, विमल गर्ग, सुनील अग्रवाल, अशोक सिंगला, देव जैन, सुमित सिंगला आदि मौजूद रहे।

